2012

M. A.

3rd Semester Examination

HINDI

PAPER—HIN 304

Full Marks : 40

Time : 2 Hours

The figures in the right-hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

Illustrate the answers wherever necessary.

1. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के** उत्तर दें : 12×2

(क) सावित्री का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ख) 'अंधेर नगरी' एकांकी की समसामयिकता पर विचार कीजिए।

(ग) 'स्कंदगुप्त नाटक में इतिहास और कल्पना का सुन्दर समन्वय प्रस्तुत किया गया है ।'

(Turn Over)

इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दें ।

(घ) 'रीढ़ की हड्डी एकांकी पुरुषसत्तात्मक सामाजिक-व्यवस्था पर एख प्रहार है ।'

इस कथन के संदर्भ में अपना विचार व्यक्त करें ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2

(क) भारत समग्र विश्व का है, संपूर्ण वसुंधरा इसके प्रेम-पाश में आबद्ध है । अनादि काल से ज्ञान की, मानवता की ज्योति यह विकीर्ण कर रहा है । वंसुधरा का हृदय-भारत किस मूर्ख को प्यारा नहीं है ? तुम देखते नहीं कि विश्व का सबसे ऊँचा शृंग इसके सिरहाने, और सबसे गम्भीर तथा विशाल समुद्र इसके चरणों के नीचे है ? एक-से-एक सुंदर दृश्य प्रकृति ने अपने इस घर में चित्रित कर रखा है । भारत के कल्याण के लिए मेरा स्वर्वस्व अर्पित है ।

(ख) गले में लटका के मर क्यों नहीं जाती कम्बख्त, तेरी मां मर रही है, तू भी मर । पीछा छूटेगा । लड़का है, किसी तरह पाल लूंगा । कहाँ से लाऊँ तेरे लिए । तनख्वाह के नाम पे पिछले पाँच साल से खए पैसा नहीं बढ़ा ।

बढ़ाने की बीत भी करो तो सालों ने तालाबंदी की धमकी दे दी और एक तरफ ये हैं....किताब चाहिए, खथिलौने चाहिए, चल उठ वासन मांझ, हरामजादी कहीं की! स्कूल जायेगी ।

(ग) जी हाँ मैं कॉलेज में पढ़ी हूँ । मैंने बी० ए० पास किया है । कोई पाप नहीं किया, चोरी नहीं की और न आपके पुत्र की तरह ताक-झाँक कर कायरता दिखाई है । मुझे अपनी इज्जत अपने मान का ख्याल तो है । लेकिन इनसे पूछिए कि ये किस तरह नौकरानी के पैरों पड़कर अपना मुँह छिपाकर भागे थे ।

(घ) मैं आती हूँ कि एक बार फिर खोजने की कोशिश कर देखूँ कि क्या चीज है वह इस घर में जिसे लेकर बार-बार मुझे हीन किया जाता है ।

—o—